# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# अधिक से अधिक लोग अपने मत का करें प्रयोग

**आयोजन**

## वोटर कार्ड बनाने व मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए राज्य भर में विशेष अभियान का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौजन्या ने शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज, कोरबा (साहिया) में ''महिला चौपाल'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मतदान शपथ दिलवाकर किया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत स्वीप के अन्तर्गत वोटर कार्ड बनाने व मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए राज्य भर में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग करें।

दिनांक 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में 18 साल के युवाओं, महिलाओं को केंद्रित कर विभिन्न गतिविधियां



आयोजित की जा रही हैं। गत चुनाव के आधार पर महिला वोटर की संख्या जिन क्षेत्रों में कम रही वहाँ विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। चकराता क्षेत्र में महिला वोटर अनुपात कम रहने के कारण मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को राजकीय इंटर कॉलेज, कोरबा (साहिया) में ''महिला चौपाल'' का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न बूथ की 11 बी0एल0ओ0 ने अपने क्षेत्र में वोटर कार्ड बनाने व किसी भी तरह के वोटर कार्ड में संशोधन करने के बारे में चर्चा की।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को खेल द्वारा निर्वाचन के विषय में बताया गया। विशेष तौर पर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर–1950, दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा आदि की जानकारी दी गई।

ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर वोट देने की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक रूप से समझाया गया। उपस्थित महिलाओं द्वारा बहुत से प्रश्न पूछकर जानकारी ली। गांव क्वारना के बुजुर्ग वोटर भवान जोशी (105 वर्ष) द्वारा अपने अनुभवों को बताते हुए सभी से वोट देने की अपील की गई। अंत में समस्त उपस्थित महिलाओं द्वारा जौनसार का लोक नृत्य ''नाटी'' प्रस्तुत कर कार्यक्रम को लोक संस्कृति से सरोबार कर दिया। इस कार्यक्रम में स्वीप कॉर्डिनेटर श्रीमती सुजाता, स्वीप कन्सल्टेंट अनुराग गुप्ता, विनोद कुमार प्रधानाचार्य, हिमांशु नेगी, कु0 मेधा चमोला, स्थानीय महिलाओं, महिला स्वयं सहायता समूह बीएलओ व 18 साल से अधिक आयु के युवाओं ने प्रतिभाग किया।

## न्यूज डायरी

### काम में लापरवाही बरतने वालों को दें कारण बताओ नोटिस

**संवाददाता** रुद्रपुर। डीएम रंजना राजगुरु ने वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ उप जिलाधिकारी सख्ती से कार्रवाई करें। साथ ही लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम रंजना ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अधिकारी व कर्मचारी पूरी संजीदगी से कार्य करना सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने संबंधित शपथ पत्र सभी महाविद्यालयों से लेने, प्राप्त फार्म–6 को आनलाइन करने, रीयल टाइम डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए।

### प्रारंभिक निदान ओएबी के बेहतर प्रबंधन में मदद कर सकता है: डॉ अनुराग गर्ग

**संवाददाता** हरिद्वार । ओवर एक्टिव ब्लैडर (ओएबी) एक ऐसी स्थिति है जो असुविधाजनक, शर्मनाक और संभावित रूप से दुर्बल करने वाली है। अच्छी खबर यह है कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसे प्रबंधित किया जा सकता है। यद्यपि इस स्थिति का इलाज किया जा सकता है लेकिन अधिकांश रोगी उपचार की तलाशते या डॉक्टरों से परामर्श नहीं करते हैं। ओएबी को एक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है जो पेशाब करने के लिए अचानक और बिना रुके आवश्यकता का कारण बनता है। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो ओएबी दैनिक गतिविधियों जैसे काम, सामाजिक गतिविधियों, व्यायाम और नींद में हस्तक्षेप करके जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने उत्तर प्रदेश में 50,000 बैंकिंग पॉइंट लैंडमार्क को किया पार

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक उत्तर प्रदेश में अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रहा है ताकि दूरदराज के गांवों में औपचारिक बैंकिंग सेवाओं को लाया जा सके और फाइनेंशियल इंक्लूजन में योगदान दिया जा सके। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने पूरे उत्तर प्रदेश में 50,000 से अधिक नजदीकी बैंकिंग पाइंट्स का एक सक्रिय नेटवर्क स्थापित किया है। 18,000 से अधिक गांव जिनकी पहले बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच नहीं थी या बेहद दूर थे, अब एयरटेल पेमेंट्स बैंक के नजदीकी बैंकिंग पाइंट्स के माध्यम से वित्तीय सेवाओं को पहुंचने में सक्षम हैं। इन गांवों और इनके आसपास बैंकिंग पॉइंट की मदद गांवों वासियों को अब घर पर नकदी रखने या दूर स्थित बैंक व एटीएम तक जाने की जरूरत नहीं रहेगी।

## बुजुर्गों और महिलाओं को ठगने वाले दो भाई गिरफ्तार

### झारखंड से ऋषिकेश आकर दिया था घटनाओं को अंजाम

**संवाददाता** ऋषिकेश। नगर और आसपास क्षेत्र में झारखंड से आकर बुजुर्गों और महिलाओं के साथ ठगी करने वाले दो सगे भाइयों को एसओजी देहात और कोतवाली पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। दो माह के भीतर इन दोनों भाइयों ने क्षेत्र में इस तरह की दो वारदात को अंजाम दिया था।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक तीन दिन पूर्व शिकायतकर्ता डबल सिंह रावत निवासी ग्राम व पोस्ट गंगा भोगपुर यमकेश्वर ने प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि दो व्यक्तियों में से एक ने डाक्टर का पता पूछने के बहाने से मुझे रोका व दूसरा व्यक्ति कपड़े का व्यापारी बता कर बात करने लगा। इसी बीच पहला व्यक्ति अपने को वृंदावन का पुरोहित बताकर व धोखे में रखकर मेरा बैग जिसमें नकदी व अन्य कागजात थे लेकर मेरे साथ धोखाधड़ी कर भाग गए। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कोतवाली ऋषिकेश में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एकत्र की गई। इस तरह की वारदातों में शामिल जेल से छूटे आरोपितों के बारे में जानकारी जुटाई गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि बीते गुरुवार की शाम मुखबिर की सूचना पर बस अड्डे के पीछे से दो व्यक्तियों को 33500 रुपये व आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया।



## केदार गंगा पर बने पुल में छेद, भारी वाहनों की आवाजाही बंद

**संवाददाता** पुरोला। मोरी बाजार के मुख्य द्वार पर केदार गंगा पर बने पुल में एक साइड से छेद होने के कारण यहां से भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। गुरूवार शाम को जेपी कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा इसकी मरम्मत करने के बाद शुक्रवार दिन 12बजे तक यहां पूर्णतः आवाजाही बंद रही। व्यापारियों ने यहां शीघ्र नया पुल बनाने की मांग की है। मोरी में निर्माणाधीन सतलुज जल विधुत निगम की 60मेगावाट की नैटवाड़ मोरी जल विधुत परियोजना की कार्यदायी संस्था जेपी कंस्ट्रक्शन कम्पनी के भारी वाहनों की आवाजाही से पुल के एक साइड में भारी छेद हो गया था। व्यापारी गत कई माह से यहां से जेपी कंस्ट्रक्शन कम्पनी के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग कर रहे है। हरकीदून, केदार कांठा,सांकरी,नैटवाड ,जखोल सहित करीब 42गांवो को जोड़ने वाले इस पुल में गुरूवार को एक साइड से भारी छेद हो गया जिससे यहां भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है।

## सलमान खुर्शीद के काटेज पर आगजनी मामले में अहम मोड़

**संवाददाता** नैनीताल। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस सांसद सलमान खुर्शीद के मुक्तेश्वर क्षेत्र की कोठी में आगजनी और गोली चलाने के एक आरोपी भाजपा नेता कुंदन चिलवाल गिरफ्तारी से बचने के हाई कोर्ट में पहुंच गए है। कुंदन ने याचिका दायर कर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है।

कोर्ट की ओर से सरकार से मांगे गए निर्देशों में पुलिस ने कहा है कि इस मामले में कुंदन का कोई रोल नहीं है। इसका पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध किया और कोर्ट को बताया कि कुंदन मुख्य आरोपी है और इसी के नेतृत्व के सभी लोग आगजनी करने यहां गए थे। कोर्ट ने सलमान खुर्शीद के अधिवक्ताओं से शनिवार को अपना पक्ष रखने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की किताब में हिंदुत्व की तुलना आइएसआइएस व बोको होरम से किये जाने के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने उनके मुक्तेश्वर के घर पर आगजनी के साथ गोलीबारी की थी। इसमें कुंदन चिलवाल और जिला पंचायत सदस्य भावना कपिल के पति राकेश कपिल का सीधे तौर पर नाम सामने आए था। इस मामले में पुलिस ने राकेश कपिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और कुंदन को छोड़ दिया। शुक्रवार को न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ में कुंदन की याचिका पर सुनवाई हुई।

### मामले में हो चुके हैं चार गिरफ्तार

भवाली में कांग्रेसी नेता के काटेज में आग व फायरिंग के मामले में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। चारो लोगों ने खुद को बजरंग दल से जुड़ा बताया था। पकड़े गए आरोपियों में चंदन सिंह लोधियाल (27 साल) पुत्र हरेंद्र सिंह निवासी नथुआखान, उमेश मेहता (30 वर्ष) पुत्र गंगा सिंह मेहता, कृष्ण सिंह बिष्ट (30 वर्ष) पुत्र शंकर सिंह बिष्ट और राजकुमार मेहता (29 वर्ष) पुत्र गंगा सिंह मेहता तीनों निवासी सूपी गांव रामगढ़ शामिल हैं। भवाली पुलिस के अनुसार चंदन सिंह के पास से पिस्टल व मैगजीन भी बरामद हुई है।

## 56 शहीद परिवार व वीरांगनाएं सम्मानित

**संवाददाता** अल्मोड़ा। नंदा देवी परिसर में हुए शहीद सम्मान यात्रा कार्यक्रम में 56 शहीद परिवारों व वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। वीर सैनिकों के शौर्य, वीरता, पराक्रम को नमन करते हुए शहीद परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया। शुक्रवार को नंदा देवी परिसर में शहीद सम्मान यात्रा का उद्घाटन मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के 1734 शहीद परिवारों की मिट्टी लेकर सैन्य धाम का निर्माण किया जाना है। भाजपा सरकार हमेशा से ही सैनिकों, शहीदों का सम्मान करते आई है। उनकी हर समस्या का समाधान सरकार ने किया है। वीर सैनिकों की शहादत कभी भुलाई नहीं जा सकती है। आज सैनिक सीमा पर हर परिस्थितियों में डटे हैं, इसलिए ही हम सीमा के अंदर सुरक्षित हैं। विधानसभा अध्यक्ष रघुनाथ चौहान ने कहा कि जिले के सभी ब्लाकों से 127 शहीद सैनिकों के आंगन की मिट्टी मुख्यालय पहुंच गई है। अब यहां से यह पवित्र मिट्टी देहरादून में बन रहे सैन्यधाम को जाएगी।